# मोटर साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शुक्रवार रात अमरवाड़ा नगर के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। इस हादसे में कुल पांच युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दूर तक फेंके गए। मृतकों में एक ही घर के दो युवक भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सुखराम यादव 21 वर्ष और आयुष यादव 19 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 11, अमरवाड़ा के रूप में हुई है। वहीं अन्य मृतकों में शहजाद खान 19 वर्ष, विक्रम उईके 18 वर्ष और अभिनाश उईके 18 वर्ष शामिल हैं। विक्रम और अविनाश लिंगपानी के निवासी थे।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और वार्डवासी अमरवाड़ा अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि डॉक्टरों द्वारा समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण घायल युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी।

घटना की सूचना मिलते ही अमरवाड़ा एस.डी.एम. हेमकरण धुर्वे, एस.डी.ओ.पी. रविंद्र मिश्रा, तहसीलदार राजेश मरावी और नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। सभी शवों को अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर रोक

## कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने धारा 163 के तहत लगाया प्रतिबंध



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिनांक 06 व 07 मई 2025 को भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिन्दूर के पश्चात सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं प्रसारित किए जाने की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इससे जनसामान्य में आक्रोश एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न होने तथा लोक व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले की समस्त राजस्व सीमांतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा- 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुए निम्नानुसार आदेश पारित किये गये हैं।

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे कि व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं अन्य सोशल मीडिया साईट्स आदि का दुरूपयोग कर किसी भी प्रकार के भ्रामक एवं अपुष्ट संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, आडियो, वीडियो इन्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा हो सकता है, उसे प्रसारित नही करेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिससे कि धार्मिक, साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हो, ऐसी पोस्ट को लाईक, शेयर या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को प्रसारित होने से रोके। यह आदेश 09 मई 2025 से प्रभावशील होकर अगले आदेश तक लागू रहेगा।

बता दें कि इसके पूर्व भी तथाकथित कुछ लोगों ने सोशल मीडिया में भ्रम फैलाने की कोशिश की थी लेकिन यदि इस बार ऐसा हुआ तो फिर कोई भी हो इस पर सक्ति से कार्यवाही होगी इसका समर्थन सभी लोग कर रहे है।

**सार-समाचार**

## सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर कमलनाथ-नकुलनाथ ने दुख जताया

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के अमरवाड़ा क्षेत्र में गत रात्रि को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों के निधन पर म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया है।

कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि अमरवाड़ा में चौरई मार्ग पर हुए सड़क हादसे में पांच लोगों के दु:खद निधन का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें साथ ही शोकाकुल परिवार को इस गहन दुख को सहन करने सम्बल प्रदान करें। नकुलनाथ ने अपने संदेश में कहा कि सड़क मार्ग से सफर करते समय युवा अपनी सुरक्षा का व्यापक ध्यान रखें साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस की ओर से ठोस कदम उठाए जाएं ताकि सड़क हादसों से होते आकस्मिक निधन को रोका जा सके।



## दूध के बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेस सेवादल करेगी आंदोलन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** निरंतर बढ़ती महंगाई के बीच पुन: दूध के बढ़ते हुए मूल्यों के खिलाफ कांग्रेस सेवादल आंदोलन करेगा। जिला कांग्रेस सेवादल ने बढ़ती हुई महंगाई व भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पहले दो अब तीन इंजन वाली भाजपा सरकार में जनता महंगाई की मार झेल रही है। विगत 10 माह के भीतर दूध के दाम पुन: 7 मई से बढ़ा दिए गए हैं।

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन के विरोध में निर्णय ले रही है। कुछ सप्ताह पूर्व ही रसोई गैस सिलेण्डर के दामों में 50 रुपए की मूल्य वृद्धि की गई और अब दूध के दाम में वृद्धि कर भाजपा सरकार ने एक बार फिर जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। कांग्रेस सेवादल ने दूध के बढ़े हुए दामों को अविलम्ब वापिस लेने की मांग की है। कांग्रेस सेवादल ने चेतावनी दी है कि बढ़े दामों का वापस नहीं लिया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

## विश्व प्रसिद्ध स्फटिक शिव लिंग का हुआ आगमन गंगीवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री शिव महापुराण कथा के भव्य आयोजन 05 मई 2025 से 14 मई 2025 चल रही है जिसमें स्फटिक शिव लिंग का अभिषेक करने बालों का तांता लगा है धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज के शिष्य लक्ष्मण चेतन महाराज, उनकी शिष्या मां कल्याणी चैतन्य ब्रह्मचारिणी अम्मा जी के उत्तर अधिकारी चरणानुरागी सच्चिदानंद महाराज का आगमन हुआ उनके साथ धर्म संघ के विषेश ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम परमानंद महाराज व्यास पीठ से श्री शिव महापुराण कथा का रस पान करा रहे हैं। कथा के आयोजक यजमान मोहन लाल साहू, नोखेलाल साहू है कथा में उपस्थित होने की अपील सभी महानुभवों से की है और धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## तिरोले कुनबी समाज को संदीप मोहड़ ने दी 3 लाख की सहायता



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तिरोले कुनबी समाज द्वारा कल शनिवार को अध्यक्ष चन्द्रभान देवरे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल जिला पांढुर्णा के भा.ज.पा. के अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ से सौजन्य भेंट की तथा वर्तमान में जिला छिन्दवाड़ा के समाज भवन में निर्माणाधीन बाऊण्ड्रीवाल बनाने हेतु प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा समाज भवन में होने वाले आयोजनों के समय होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया जिस पर समाज भवन के बाऊण्ड्रीवाल की समस्या के निदान हेतु संदीप भाऊ मोहोड़ ने तत्काल समाज को 3 लाख रूपये की राशि अपनी स्वयं की निधि से अनुदान के रूप में समाज को भेंट की।

इस अवसर पर समाज के श्यामराव कपाले, संजय मोहोड़, राम इंगले, चन्द्रभान अवारे, शरद बेंडे, विलास घोंगे, देवराव ठाकरे, सुरेश कराड़े, डॉ. अरविंद फोले सहित कई सामाजिक बन्धु उपस्थित रहे, तथा तिरोले कुनबी समाज छिन्दवाड़ा को दी गई इस अनुदान राशि पर समाज के अध्यक्ष चन्द्रभान देवरे ने समाज की ओर से श्री मोहोड़ आभार व्यक्त किया ।

## कोयलाचल क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पश्चिमी कोयलाचंल क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल संकट गर्मी के कारण गहराने लगा है। कहीं दो दिन तो कहीं तीन दिन के अंतराल में पानी उपलब्ध हो रहा है। इसके लिए शासन स्तर पर लम्बे समय से प्रयास किए जा रहे है लेकिन कोयलाचंल क्षेत्र में आज भी पानी के लिए संकट है। न्यूटन क्षेत्र में दो तीन दिन के अंतराल में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तो इसी तरह चांदामेटा बड़कुही, भाजीपानी, गुढ़ी अम्बाड़ा, पालाचौरई आदि क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति संकटमय बनी हुई है। जनमानस की मांग है कि कोयलाचंल क्षेत्र में जिला प्रशासन के साथ साथ नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और वेकोलि प्रबंधन यदि संयुक्त रूप से प्रयास करें तो अलग अलग संसाधनों के माध्यम से पेयजल की स्थिति से कोयलाचंल क्षेत्रवासी निजात पा सकते है अन्यथा जल संकट की स्थिति पूर्व की भांति इस गर्मी में भी लगातार बनी रहेगी।

# सांसद के निर्देश पर आज पूजा लॉन में लगेगा रोजगार मेला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** युवाओं के लिए रोजगार के सुअवसर उपलब्ध कराने सांसद बंटी विवेक साहू सतत प्रयास कर रहे हैं। उन्हीं के सतत प्रयासों से छिंदवाड़ा पांढुरना संसदीय क्षेत्र के युवाओं को बेहतर रोजगार के नित नए अवसर मिल रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से प्रतिष्ठित और नामचीन कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप यार्न यूनिट स्पिनिंग द्वारा परासिया रोड स्थित पूजा लॉन में रोजगार मेला लगाया गया है। यह मेला सिर्फ 10 मई को ही एक दिवसीय लगाया जाना था, पहले दिन बड़ी संख्या में कंपनी द्वारा युवाओं का चयन किया गया, कंपनी में जॉब के लिए चयनित युवा भी खुशी से फूले नहीं समा रहे। शानदार पैकेज होने की वजह से युवाओं के साथ साथ उनके परिजन भी प्रसन्नचित हैं। सांसद श्री साहू के निर्देश पर कंपनी द्वारा रविवार को भी रोजगार मेला लगाया जा रहा है। सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा पांढुरना संसदीय क्षेत्र के युवाओं से रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील भी की है।

गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं को बेहतर रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने कृत संकल्पित हैं। रविवार को भी सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला लगाया जा रहा है। इस मेले में चयनित सैकड़ों युवाओं को शानदार रोजगार मिलने का अवसर प्राप्त होगा। मेले के संबंध में ट्राइडेंट ग्रुप की ओर से बताया गया कि रोजगार पाने के उद्देश्य से इस मेले में जाने वाले युवाओं को आधार कार्ड, पैन कार्ड, 10 वी की अंकसूची लाना अनिवार्य होगा। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं कुशल कारीगरों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है।

ग्रुप की ओर से बताया गया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# नैनादेवी मंदिर तुलतुला पहाड़ी स्थित जलस्रोत के उद्गम स्थल में को किया साफ तो बह निकली जलधारा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व जन अभियान परिषद के अध्यक्ष मोहन यादव के आह्वान पर छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक तामिया संजय बामने के कुशल मार्गदर्शन में तामिया विकासखंड के ग्राम तामिया स्थित मां नैना देवी के जल स्त्रोत के उद्गम स्थल पर पहुंचकर इसके उद्गम कुंड की जन सहयोग से सफाई की गई। जमा गाद एवं मलबे को मानव श्रृंखला बनाकर निकाला गया। श्रमदान उपरांत जिला समन्वयक अखिलेश जैन द्वारा ग्रामीणों को जन सहभागिता के माध्यम से श्रमदान करने तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जन अभियान परिषद की टीम की पहल पर श्रमदान का कार्य किया गया।

**ये है पौराणिक इतिहास-** पौराणिक इतिहास के अनुसार यह जल स्त्रोत जमीन से 100 फिट से अधिक ऊँचाई पर स्थित है। पहाड़ से पूरे वर्ष भर मीठा जल प्रवाहित होता है। इसका जल बड़ा ही स्वादिष्ट है। क्षेत्र वासियों के लिए यह जल स्त्रोत धार्मिक इतिहास से जुड़ा हुआ है। पूज्य महाराज श्री झीना नंद महाराज कहते है। इनके पुनर्जीवन हेतु हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुरानी जल संरचनाएं जैसे कुआं, नदी, तालाब, पोखर, बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन तथा वर्षा पूर्व नई जल संरचनाओं के निर्माण संबंधित कार्य पूरे प्रदेश में किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद की तामिया टीम द्वारा भी जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार, प्रतियोगिता, श्रमदान संबंधित कार्य पूरी गति से किए जा रहे हैं। श्रमदान के इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकास खण्ड समन्वयक संजय बामने, चयनित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाँगई, ऊषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास तामिया, सतपुड़ांचल जनकल्याण समिति, श्री दादा जी जनजागृति एवं कल्याण समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेकापार एवं क्षेत्र की प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, मेंटर चंद्रकांत विश्वकर्मा, स्वाति सूर्यवंशी, संदीप राज नवांकुर संस्था के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र वासनिक, पंकज राय, प्रदीप उइके, रघुवीर पन्द्राम, गौरी शंकर उइके, सीएमसीएलडीपी कक्षा बी एस डब्लू/ ् एम एस डब्ल्यू के छात्र/छात्राएं महेंद्र यादव ने सहभागिता की।

# आखिर कब होगी छिन्दवाड़ा जिले में प्राथमिक शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्राथमिक शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति छिंदवाड़ा जिले को छोड़कर पूरे प्रदेश में जारी हो चुकी है परन्तु छिंदवाड़ा जिला ही एक अपवाद है कि आठ माह पूर्व क्रमोन्नति के लिए प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होने के बाद भी यह क्रमोन्नति सूची जारी नहीं हो पायी।

मध्यप्रदेश शिक्षक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजिक कुरैशी ने बताया कि इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जिला शिक्षा अधिकारी से तीन चार बार मिलकर क्रमोन्नति सूची जारी करने का निवेदन किया और साथ ही ज्ञापन भी सौप चुके हैं परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया था कि वैरिफिक्रेशन हों चुका है और जितने भी प्रस्ताव आए हैं सभी की फाइनल सूची बनाकर जिला सी.ई.ओ. को अनुमोदन हेतु पहुंचा दी जाएगी।

कार्यालय में चर्चा करने पर लिपिकों से जानकारी दी जाती है कि संकुलों से कमी/पूर्ति के प्रस्ताव नहीं आये। कभी बोला जाता है कि अभी वैरिफिक्रेशन नहीं हुआ और कभी बोला जाता है सी.ई.ओ. जिला पंचायत उपलब्ध नहीं है। ऐसी ही भ्रामक खबरें लगातार दी जाती है।

प्रदेश अध्यक्ष राजिक कुरैशी ने बताया कि जिले के अध्यापकों में रोष है और आंदोलन करने की बात कर रहे हैं अगर एक सप्ताह के अंदर आदेश जारी नहीं किए जाते तो कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा और जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी।

# सतपुड़ा विधि महाविद्यालय में मूट कोर्ट का आयोजन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आज दिनांक 10 मई 2025 को वेद प्रकाश तिवारी प्रिंसिपल सर की अनुशंसा पर मूट कोर्ट का मंचन किया गया उक्त मूट कोर्ट के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण का मंचन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन आरक्षण एवं दीप प्रजनन के साथ हुआ जिसमें कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष नवनीत व्यास एवं मूट कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायालय छिंदवाड़ा से लोक अभियोजक अजय पालीवाल एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील सिंधिया एवं पंकज चीखलकर, संगीत श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने विधि के विद्यार्थियों को कोर्ट के प्रायोगिक ज्ञान की जानकारी सूक्ष्मता से प्रदान की एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं ज्ञानवर्धन किया।

मूट कोर्ट प्रतियोगिता का संचालन एवं व्यवस्थापन महाविद्यालय के प्रोफेसर दिलीप धारा एवं सचिन बाजपेई सर के माध्यम से किया गया। उक्त मूट कोर्ट मंचन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण जयेंद्र भारद्वाज, प्रतिभा शक्रवार, श्रीमती अमृता सिरपुरकर, अखिलेश पांडे, श्रवण बंदेवार, आनंद बाजपेई, विनोद झावरे, वेदांश शुक्ला एवं कुमारी वंशिका विश्वकर्मा जी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे कॉलेज के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी ने मूट कोर्ट मंचन हेतु अतिथिगण का आभार व्यक्त किया

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से मिले पैसों की मदद से प्रकाश ने खोली सिलाई की दुकान, बने आत्मनिर्भर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रकाश निर्मलकर जो कि नगरपालिका परिषद दमुआ के वार्ड क्रमांक-13 के निवासी हैं। उनके परिवार में पत्नी सरोज निर्मलकर जो एक गृहणी हैं और दो बच्चे अखिल व निखिल सहित कुल चार सदस्य हैं। परिवार की आय का मुख्य स्रोत सिलाई की दुकान है, जिसे प्रकाश ने शासन की योजना की मदद से अपने संघर्ष और मेहनत से खड़ा किया है।



कोरोना महामारी से पहले प्रकाश निर्मलकर 4-5 हज़ार रुपये की छोटी-सी नौकरी कर अपने परिवार का गुजारा करते थे। लेकिन लॉकडाउन के दौरान उनकी नौकरी छूट गई, जिससे उनके सामने गहरा आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ, उस कठिन समय में उन्हें नि:शुल्क राशन तो मिला, लेकिन नौकरी खोने की चिंता उन्हें लगातार सताती रही। तब उन्होंने अपने सिलाई कौशल को अपनाते हुए घर के पास सड़क किनारे किराये की सिलाई मशीन लेकर एक छोटी-सी दुकान शुरू की। यहीं से उनके आत्मनिर्भर बनने की यात्रा आरंभ हुई।

प्रकाश निर्मलकर को नगरपालिका परिषद दमुआ के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी मिली। इस योजना के तहत उन्हें बिना ब्याज के 10,000 का ऋण बैंक ऑफ महाराष्ट्र, दमुआ से प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने नई सिलाई मशीन खरीदी और किराये की मशीन को वापस कर दिया। इससे उनकी दुकान को स्थायित्व मिला और वे प्रतिदिन 200 से 300 रूपये तक की बचत करने लगे। नियमित रूप से पहली किश्त चुकाने के बाद उन्हें 20,000/- की दूसरी किश्त प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने अपनी दुकान का विस्तार किया, जिससे उन्हें प्रतिमाह 10,000/- से 12,000/- की आय होने लगी। दुकान के और विस्तार के लिए प्रकाश निर्मलकर को तीसरी किश्त के रूप में 50,000/- का कार्यशील ऋण भी प्राप्त किया गया जिसके लिए उन्होंने अजीविका मिशन के कर्मचारियों और सामुदायिक संगठक से सहयोग लिया। इस पूंजी से उन्होंने अपनी दुकान को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया। अब वे नियमित रूप से दुकान जाते हैं और अपने परिवार के साथ सुखद जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना विशेष रूप से कोरोना महामारी से प्रभावित शहरी गरीबों, रेहड़ी, ठेला व पटरी व्यवसायियों के लिए एक वरदान साबित हुई है। योजना के अंतर्गत उन्हें पहले चरण में 10,000 दूसरे में 20,000 और तीसरे चरण में 50,000 का ऋण प्रदान किया जाता है। योजना में सरल पंजीकरण प्रक्रिया है, जो ऑनलाइन होती है। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड व साउंड बॉक्स भी वितरित किए जाते हैं। नियमित किश्त भुगतान करने पर ब्याज मुक्त ऋण की पात्रता प्राप्त होती है। सरकार और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी इस दूरदर्शी योजना ने उनके जैसे अनेक पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। आज उनका जीवन पहले से कहीं अधिक स्थिरए सम्मानजनक और प्रेरणादायक बन चुका है।

# ग्राम खारापिंडरई में रैली निकाल कर दिया जल संरक्षण का संदेश




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन व ब्लॉक समन्वयक संजीव भावरकर के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 2 उमरेठ के मेंटर शंकर राम प्रजापति द्वारा ग्राम खारापिंडरई में जनजागरूकता रैली, नारा लेखन और जल संरक्षण की शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत उमरेठ में एक संगोष्ठी का आयोजन कर प्राचीन बावड़ी की सफ़ाई की योजना पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव तुलाराम साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता चौरसिया, पंचायत कर्मी संदीप, पंच घूर्णन साहू, सोसाइटी समूह की सदस्याएँए सीएमसीएलडीपी के छात्र मनीष साहू, शकीला अंसारी, मणिलाल बानवंशी, जयपाल नागवंशी सुभाष अमरवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक, महिलाएँ और बच्चे उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सट्टे को लेकर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**परासिया, देशबन्धु।** शिवपुरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रावन वाड़ा मे सट्टा खाने वाले तथा सट्टा पट्टी लिखने वाले दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि रिंकू उर्फ निलेश कहार के पास से 1250 रुपए एवं नारायण बुनकर के पास से 1310 रुपए जप्त किए गए। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे 30 प्रतिशत कमीशन में अनूप सिंधिया के कहने पर सट्टा पट्टी काट रहे थे। पुलिस ने दो प्रकरण दर्ज किया है।

### वेकोलि अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

**परासिया, देशबन्धु।** वे.को.लि. के पेंच क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं आपातकालीन सेवा में लगे कर्मचारियों की तत्काल प्रभाव से छुट्टी रद्द कर दी गई है। महा प्रबंधक अनूप हंजूरा ने जारी आदेश में कहा है कि सभी नियंत्रण अधिकारी आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों तथा अधिकारियों की किसी भी प्रकार की छुट्ट्ट स्वीकृत न करें।

### एचएमएस के महामंत्री पद से हटाए गए लाहोरिया

**परासिया, देशबन्धु।** कोयला श्रमिक सभा एच.एम.एस. के पेंच क्षेत्र के महामंत्री संतोष लाहोरिया को पद से हटा दिया गया है। वे.को.लि. के एच.एम.एस. के अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने लाहोरिया के खिलाफयह कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार संतोष लाहोरिया नेहरिया भूमिगत खदान में कार्यरत हैं। उन्हें पद से हटाने का जो पत्र जारी किया गया है, उसमें कोई कारण नहीं बताया गया है। लेकिन कहा जा रहा है कि लंबे समय से वे.को.लि. अध्यक्ष को संतोष लाहोरिया के खिलाफ शिकायत मिल रही थी।

### शहर छिन्दवाड़ा में मच्छरों की भरमार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में मौसम की खराबी और डबरों में पानी भरने के कारण घासपूस गीला होने की वजह से मच्छर पनप गए है और अनेक वार्डो में मच्छर बुरी तरह कांट रहे है जिसमें वार्ड नम्बर 44 गुलाबरा में नालों के इर्दगिर्द इन दिनों न केवल मच्छर अपितु छोटे किस्म की भूनभूटिया भी काफी संख्या में लोगों को परेशान कर रही है। नगर पालिक निगम से मांग की गई है कि क्षेत्रों में फागिंग मशीन के माध्यम से धुंआ कर मच्छरों के प्रकोप से बचाऐं ताकि क्षेत्रवासी मलेरिया, पीलिया, डायरिया जैसी बीमारी से ग्रसित न हो।

### परासिया से प्रथम वॉलेंटियर्स बने धीरेन्द्र सिंह पिंटू



**परासिया, देशबन्धु।** देश के लिए सदा ही तटपर खड़े है और देश की सेवा का भाव सदा ही उनके जीवन में है वो तब नेशनल कैडेट कोर मे भी सार्जेन्ट के पद पे रहे उनका हौसला देश की सेवा के लिए आर्मी मे भर्ती होना चाहते थे परन्तु कुछ कारणवश हो नहीं पाए परन्तु देश भक्ति का जज्बा उनके साथ है और इसीलिए परासिया से प्रथम वॉलिंटियर के लिए आगे आए और अपना फार्म भरकर एस.डी.ओ.पी. अनु विभाग अधिकारी जितेंद्र जाट को दिया।

### युवक देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आरोपी खीरसागर उर्फ़ पंकज पटेल पिता पूरन पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी महुआ खेड़ा थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर से एक काले रंग की लोहे की देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस जब्त कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।इस कार्यवाही में सहयोगी स्टाफ नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,उप निरीक्षक जयवती कुडापे,आरक्षक प्रशांत सिंह,नितिन सिंह,विपिन दुबे,अमित नामदेव,सुरेंद्र धुर्वे की सराहनीय भूमिका रही।

# यातायात पुलिस कर रही है सघन जांच और चालानी कार्यवाही



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यातायात पुलिस इन दिनों तिराहे, चौराहे में ऐसे वाहनों की जांच कर रही है जिनके पास लायसेंस और कागजात नहीं है साथ ही बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों पर भी समझाईश देने के बाद चालानी कार्यवाही की जा रही है। कल 10 मई को यातायात उप निरीक्षक दीवाकर मिश्रा ने अपनी टीम के साथ जांच कार्यवाही की और बिना हेलमेट पर लोगों पर चालानी कार्यवाही करते हुए भविष्य के लिए हिदायते भी दी।

# अपना ध्यान ने किया मानसिक वर्कशॉप का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परम पूज्य श्रद्धेय जमुना प्रसाद श्रीवास्तव गुरुजी के आदेश अनुसार बीते दिवस छिंदवाड़ा जिले के सभी चिकित्सकों एवं प्रबुद्धजन वर्ग के लिए मानसिक वर्कशॉप किया गया जिसमें श्री गुरुदेव जी ने द्वारा दीपज्योति प्रज्वल किया। श्री गुरुदेव जी के द्वारा ध्यान से होने वाले चमत्कारों को भी बताया गया। श्री गुरुदेव जी ने ध्यान के फायदे, ध्यान से होने वाले शारीरिक फायदे, मानसिक विकास को कैसे बढ़ावा दिया जाए।




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष डॉक्टर शेषराव यादव, विजय पांडे, महापौर विक्रम अहाके, मनजीत सिंह, डॉ. रवि टांडेकर, डॉक्टर सुनील राय, डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, डॉक्टर डी.के. चौरे, डॉ. कृष्ण हरजानी, डॉ. महेश वंदे, डॉक्टर हितेश मिश्रा, डॉ. मीरा, डॉ. सविता, डॉक्टर मीना पवार, डॉ. सुशील आदि ने ध्यान के बारे में जाना। श्री अपना ध्यान प्रचार समिति के अध्यक्ष आयोजक डॉ. भोला यादव ने ध्यान से अनेक फायदे होने के बारे मैं अपनी राय दी साथ ही अध्यक्ष अजय सिन्हा ने भी ध्यान के बारे में बताया एवं विशेष प्रशिक्षक रघुवीर रघुवंशी के द्वारा 5 मिनट का ध्यान भी संपन्न कराया गया एवं से अपना ध्यान परिवार से श्री पूजा श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, मुन्ना यादव, विजेंद्र शिवहरे, बलराम साहू, आनंद, राकेश यादव, नीरज यादव, साधना यादव, स्वाती यादव, शिवा यादव, संजय श्रीवास्तव आदि साधक उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में अंतिम कड़ी में डॉ भोला यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्र और समाज हित में पत्रकारों की अहम भूमिका : पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वैचारिक मतभेद और विपरीत हालातों के बाद भी देश और समाज के हित में जो जरूरी है उसके लिए अखबार में कलम लिखे यह सच्ची पत्रकारिता है। मौजूदा समय में पत्रकारों की भूमिका और अहम है और उनकी जिम्मेदारी भी। यह बात नागपुर के पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी ने कही।

शनिवार को वे महर्षि नारद जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। खजरी चौक स्थित रायमेंस में हुए आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बंटी विवेक साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने की। दयाशंकर तिवारी ने विस्तार से देश में पत्रकारिता और समाचार पत्रों की शुरुआत और पत्रकारों की भूमिका पर विस्तार से उदाहरण के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अखबार में लिखा एक-एक शब्द दस्तावेज होता है। प्रिंट मीडिया का कोई पर्याय नहीं है। इतिहास को संजोकर रखने की जिम्मेदारी पत्रकारों की है।

इसके पूर्व सांसद बंटी साहू ने संबोधित करते हुए सभी को नारद जयंती की बधाई दी और कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार समाज और देश के लिए एक बेहद अहम कड़ी है।

जिला पंचायत के सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने कहा कि महर्षि नारद को आदि पत्रकार माना जाता है। वे देव दानव दोंनों को सूचनाओं का आदान प्रदान करते थे। कई बार उनकी भूमिका पर संदेह भी किया जाता था लेकिन अंत में उनका किया गया काम लोकहित में होता था। वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका ज्यादा अहम हो जाती है। पत्रकार सोर्स आफ नालेज होते हैं। सही बिंदुओं के साथ सकारात्मक पत्रकारिता समाज में बेहद अहम भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया, आर.एस. वर्मा, रत्नेश जैन का सांसद ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमोल डबली ने किया जबकि आभार प्रदर्शन अजय पालीवाल ने व्यक्त किया।




बता दें कि श्री आदिनाथ नारदमुनि की जयंती संस्था द्वारा लगातार मनाते जा रही है इस बार वृहद रूप में मनाई गई और पत्रकारो को बताया गया कि यह कार्यक्रम आपके अपनों के लिए है और भविष्य में आपकी सहभागिता भी जरूरी है।

# नेशनल लोक अदालत : 819 मामले निबटे, 5.49 करोड़ के अवॉर्ड पारित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा में 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत ने न्यायिक प्रणाली में एक बार फिर आपसी सहमति और सुलह के महत्व को स्थापित किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय छिंदवाड़ा समेत परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई और तामिया के तहसील न्यायालयों में साल की व्दितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

यह आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



लोक अदालत की 39 खंडपीठों ने कुल 819 मामलों का निपटारा किया, जिनमें कुल 5 करोड़ 49 लाख 25 हजार 736 रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से मोटर दुर्घटना के 25 मामलों में 91.72 लाख रुपये, चेक बाउंस के 143 मामलों में 2.43 करोड़ रुपये, विद्युत अधिनियम से संबंधित 18 मामलों में 2.81 लाख रुपये तथा अन्य सिविल मामलों में 13.64 लाख रुपये की राशि शामिल रही।

इसके अलावा भूमि अधिग्रहण के एक प्रकरण में 9.34 लाख रुपये का अवॉर्ड पारित किया गया। राजीनामा योग्य 165 आपराधिक मामलों, 111 पारिवारिक विवाद और एक श्रम विवाद समेत न्यायालयों में लंबित कुल 597 मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कर अंतिम निराकरण किया गया। प्री-लिटिगेशन मामलों के अंतर्गत बैंक बकाया वसूली के 6 प्रकरणों में 5.96 लाख रुपये, नगर निगम/नगरपालिका के जलकर से संबंधित 82 प्रकरणों में 3.22 लाख रुपये तथा विद्युत विभाग के 82 मामलों में 8.73 लाख रुपये की राशि पर सुलह हुई।

नेशनल लोक अदालत की सफलता पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश राकेश सिंह ने सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, विभागीय अधिकारियों और पक्षकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन त्वरितए सुलभ और शांतिपूर्ण न्याय की दिशा में एक सार्थक पहल है।